हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 सड़क हादसों को रोकने के लिए करें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम...



12 एमएम पीजी कॉलेज फतेहाबाद ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



रतिया के सबसे ज्यादा 13, फतेहाबाद के 5 और टोहाना का एक गांव सूची में शामिल

ओलावृष्टि से खराब फसलों के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला, 2 नवंबर तक कर सकेंगे क्लेम, फतेहाबाद के 19 गांवों के किसानों को मिलेगा आवेदन का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले दिनों हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई की उम्मीद लगाए बैठे किसानों के लिए राहत की खबर है। हरियाणा सरकार ने फतेहाबाद जिले के 19 गांवों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के आदेश जारी किए हैं। इन गांवों के प्रभावित किसान 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अपनी फसल खराबे का क्लेम दर्ज करा सकेंगे। किसानों को आवेदन के लिए केवल पांच दिन का समय मिला है। ऐसे में उन्हें अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय रहते पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करानी होगी। ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फतेहाबाद तहसील के भट्टू खुर्द, बहबलपुर, थेड़ी, नागपुर और भड़ोलांवाली गांव शामिल हैं। वहीं, रतिया तहसील के रतिया ग्रामीण, कमाना, नथवान, तेलीवाड़ा, लाली, भरपूर, कवलगढ़, घासवा, हडोली, दादूपुर, जल्लोपुर और अलालवास और टोहाना तहसील के रत्ताखेड़ा गांव के किसान भी अपने फसल नुकसान के दावे दर्ज कर सकेंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से 29 अक्टूबर को जारी पत्र में यह निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार, 24 अक्टूबर को जिले में हुई बारिश और ओलावृष्टि से खरीफ-2026 की फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद जिला प्रशासन ने प्रभावित गांवों के लिए पोर्टल खोलने की सिफारिश भेजी थी। उपायुक्त फतेहाबाद ने 27 अक्टूबर को सरकार को पत्र लिखकर प्रभावित क्षेत्रों के किसानों के लिए क्लेम दर्ज कराने की अनुमति मांगी थी।

आवेदन से पहले किसान फसल नुकसान और जमीन से जुड़े विवरण की जांच करें

पांच दिन में दर्ज कराना होगा फसल खराबे का ब्योरा

ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक खुला रहेगा। इस दौरान सूची में शामिल गांवों के प्रभावित किसान अपनी फसल के नुकसान का विवरण दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद इस चरण में क्लेम दर्ज कराने का अवसर नहीं रहेगा। इसलिए किसानों को समय रहते अपनी फसल, प्रभावित रकबे और जमीन से संबंधित विवरण की जांच कर आवेदन करना चाहिए। यह सुविधा जिले के सभी गांवों के लिए नहीं, बल्कि सरकार की ओर से जारी सूची में शामिल 19 गांवों के लिए है। दूसरे गांवों के किसान इस चरण में पोर्टल पर क्लेम दर्ज नहीं करा सकेंगे। यदि किसी प्रभावित गांव का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो संबंधित किसान जिला प्रशासन या राजस्व विभाग से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं।



फतेहाबाद। रतिया क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि। *(फाइल फोटो)*

डीसी की सिफारिश के बाद खुला पोर्टल: बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के बाद प्रभावित किसानों को मुआवजे की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए जिला प्रशासन ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। 27 अक्टूबर को उपायुक्त की ओर से भेजी गई सिफारिश के आधार पर 29 अक्टूबर को विभाग ने पोर्टल खोलने के आदेश जारी किए।

गांवों की सूची के आधार पर ही होगा क्लेम

जिले में तहसीलवार गांवों की सूची जारी की गई है। इसमें रतिया तहसील के 13 राजस्व रिकॉर्ड, फतेहाबाद तहसील के पांच गांव और टोहाना तहसील का एक गांव शामिल है। रतिया ग्रामीण की प्रविष्टि दो अलग-अलग कोड के साथ दर्ज होने के कारण सूची में उसके दोनों रिकॉर्ड शामिल हैं। किसान आवेदन करने से पहले अपने गांव का नाम और संबंधित रिकॉर्ड जरूर जांच लें। सरकार के इस फैसले से सूची में शामिल गांवों के प्रभावित किसानों को बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का दावा प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। अब किसानों के लिए जरूरी है कि वे पांच दिन की निर्धारित अवधि में आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और अपने क्लेम से संबंधित विवरण सही दर्ज कराएं।

क्लेम करते समय सही जानकारी भरना जरूरी

प्रभावित किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर उपलब्ध व्यवस्था के अनुसार अपना क्लेम दर्ज कर सकते हैं। आवेदन करते समय फसल का नाम, जमीन का विवरण, खसरा नंबर और प्रभावित रकबे की जानकारी सही भरना जरूरी है। आवेदन से पहले किसान अपनी जमीन और फसल से संबंधित रिकॉर्ड तैयार रखें। ऑनलाइन आवेदन करने में परेशानी होने पर नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर से सहायता ली जा सकती है। किसानों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पोर्टल पर क्लेम दर्ज होना अपने आप में मुआवजा मंजूर होने की गारंटी नहीं है। आवेदन के बाद संबंधित विभागों की ओर से नियमानुसार सत्यापन और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुआवजे की पात्रता और राशि नुकसान के आकलन तथा लागू सरकारी नियमों के अनुसार तय होगी।

खबर संक्षेप

भूना में युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। सीआईए रतिया पुलिस ने भूना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 7.86 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक कुमार पुत्र राजू निवासी ढक्की मोहल्ला, भूना के रूप में हुई है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप ने बताया कि एएसआई रामकुमार अपनी टीम के साथ अपराधों की रोकथाम के लिए रतिया से धौलू होते हुए भूना की ओर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान महाराणा रणजीत सिंह चौक के पास एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक मुड़ा और खेतों की ओर जाने लगा।

हेरोइन बरामदगी में मुख्य सप्लायर सहित दो काबू

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भूना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुशील उर्फ शीलू पुत्र जगदीश निवासी गांव गोरखपुर तथा मुख्य सप्लायर रवि कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गांव अहलीसदर के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक कंवर सिंह ने बताया कि पीएसआई संजीव कुमार अपनी टीम के साथ भूना क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

चोरीशुदा बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। शहर थाना सिरसा की सब्जी मंडी पुलिस चौकी ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को बांदरा वाली पुलिया सिरसा क्षेत्र से चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि गौतम पुत्र कुलेशवर निवासी रानियां गेट सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की बीती 22 अक्टूबर 2026 शाम के समय अपने घर के आगे बाइक खड़ा करके अंदर चला गया था। अगले दिन बाहर आकर देखा तो तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर जांच की गई।

निर्जला रहकर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र, करवाचौथ की कथा सुनीं

चांद का दीदार कर पतियों के हाथों खोला व्रत, आतिशबाजी से गूंजा शहर

- बाजारों की रौनक के बाद घरों में दिखा उत्सव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

करवाचौथ पर गुरुवार को सुहाग, प्रेम और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह सरगी ग्रहण कर व्रत शुरू करने वाली सुहागिनों ने दिनभर निर्जला रहकर पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। शाम को सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। इसके बाद सभी को चांद निकलने का इंतजार रहा। चंद्रमा के दर्शन कर महिलाओं ने अघ्र्य दिया, पति की पूजा की और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला। व्रत पूरा होने के बाद परिवारों में उत्सव जैसा माहौल रहा। शहर में जगह-जगह आतिशबाजी हुई और लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। करवाचौथ को लेकर महिलाओं में कई दिनों से उत्साह बना हुआ था। बाजारों में खरीदारी, मेहंदी, साज-सज्जा और पार्लरों में तैयारियों के बाद गुरुवार को पर्व की रौनक घरों तक पहुंची। महिलाओं ने नए परिधान पहने, हाथों में मेहंदी रचाई और पारंपरिक आभूषणों के साथ सोलह श्रृंगार किया।



फतेहाबाद। करवा चौथ के व्रत के दौरान कथा सुनती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

चांद के दीदार के बाद ग्रहण किया अन्न-जल

करवाचौथ की शुरुआत सुबह सरगी से हुई। महिलाओं ने सूर्योदय से पहले सास की ओर से दी गई सरगी ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद दिनभर अन्न और जल का त्याग कर पूजा की तैयारियां कीं। शाम को शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा की और कथा सुनी। रात को चंद्रमा के दर्शन होने के बाद छलनी से चांद और पति का चेहरा देखकर अघ्र्य दिया। इसके बाद पतियों ने अपनी पत्नियों को पानी पिलाकर व्रत खुलवाया। लंबे समय तक भूखे-प्यासे रहने के बाद व्रत पूरा होने पर महिलाओं के चेहरों पर खुशी नजर आई।

भीमा बस्ती में महिलाओं ने सुनी कथा

फतेहाबाद की भीमा बस्ती में पंडित चरणजीत शर्मा और पंडित सुरेश शर्मा के निवास पर महिलाओं ने एकत्र होकर करवा चौथ की कथा सुनी तथा पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने परंपरा के अनुसार पूजा में भाग लिया और परिवार की खुशहाली व पति की दीर्घायु की कामना की। पर्व के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा।

सिरसा : महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

सिरसा। करवाचौथ को लेकर बाजारों में रौनक रही। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने सुबह करवाचौथ का व्रत रखकर कहानी सुनकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। भारतीय संस्कृति के अनुसार इस दिन को पति के लिए सबसे बड़ा दिन मानते हुए अपने पति की सलामती के लिए पूजा अर्चना करती है और रात्रि को चांद को देखकर व अर्ध देकर अपने पति के हाथों से अन्न ग्रहण करती है। महिलाएं शकुंतला बैनीवाल, सुनीता देवी, संजना बैनीवाल, विमला देवी, शारदा देवी, शीला देवी, संतोष, सरोज, नीलम ने बताया कि खेतों में काम का समय तो है फिर भी परंपरा के अनुसार अपने सुहाग की लंबी उम्र की सलामती के लिए करवा चौथ का व्रत रखा है। उन्होंने बताया कि व्रत के दौरान पूरा दिन निराहार रहकर शाम को चंद्रमा को अघ्र्य देकर व्रत खोला जाएगा।

व्रत खुलते ही परिवारों के साथ डिनर के लिए निकले लोग

व्रत खोलने के बाद शहर के होटलों और रेस्टोरेंट में भी चहल-पहल बढ़ गई। कई परिवार पति-पत्नी और बच्चों के साथ डिनर करने पहुंचे। करवाचौथ के मौके पर होटल संचालकों ने भी ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं कीं। कुछ स्थानों पर डांस, तंबोला और मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर व्रत रखने के बाद साथ बैठकर भोजन करना कई परिवारों के लिए पर्व की खुशियों का खास हिस्सा रहा।

सोशल मीडिया पर भी छाया करवाचौथ का रंग

करवाचौथ का उत्साह सोशल मीडिया पर भी दिखाई दिया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार में अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जबकि पतियों ने भी अपनी पत्नियों के साथ तस्वीरें पोस्ट कर शुभकामनाएं दीं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप स्टेटस पर करवाचौथ से जुड़े संदेश, तस्वीरें और फिल्मी गीतों पर आधारित वीडियो छाए रहे। कई लोगों ने पुरानी यादों और साथ बिताए पलों को साझा कर पर्व को खास बनाया।

सहनाल रोड पर लगा कई घंटे भीषण जाम

वाहनों की लगी 2 किलोमीटर लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया



शहर के सहनाल रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सडक़ पर कई घंटों तक भीषण जाम लगा रहा, जिसके कारण वाहनों की दोनों तरफ करीब 2 किलोमीटर तक लंबी-लंबी कतारें लग गईं। जाम में धान से भरे ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रालियां, कार, बाइक और स्कूल वैन सहित सैकड़ों वाहन फंसे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धान के सीजन के चलते अनाज मंडी में वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। सहनाल रोड पर धान से भरे ट्रकों और ट्रालियों के बेतरतीब खड़े होने के कारण सडक़ संकरा हो गई। इसी दौरान दोनों तरफ से एक साथ वाहनों के आने से जाम की स्थिति बन गई और देखते ही देखते पूरा रोड ब्लॉक हो गया।

8 लाख रुपये कीमत का 8300 लीटर संदिग्ध डीजल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



- राजस्थान का चालक गिरफ्तार

खाद्य आपूर्ति विभाग और टोहाना पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई के दौरान गांव पिरथला के पास से करीब 8 लाख रुपये कीमत का 8300 लीटर संदिग्ध डीजल बरामद किया है। पुलिस ने मौके से पिकअप गाड़ी के चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जो डीजल की खरीद और परिवहन से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने वाहन और डीजल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रुस्तम पुत्र सलीम निवासी गांव रैड़ी, जिला चूरू, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि उपनिरीक्षक महाबीर सिंह को गुप्त सूचना मिली थी।

फतेहाबाद। टोहाना में संदिग्ध डीजल सहित पकड़ा गया पिकअप चालक।

पटाखों की बिक्री, टोहाना में तीन व जाखल में एक अस्थायी स्टॉल के लिए जारी होंगे लाइसेंस

टोहाना। उपमंडल पर दिवाली के अवसर पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। टोहाना में तीन और जाखल में एक अस्थायी स्टॉल स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी। इच्छुक आवेदक 2 से 4 नवंबर तक निर्धारित समय में अपने आवेदन एसडीएम कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि टोहाना में हिसार रोड स्थित टाउन पार्क के सामने खाली स्थान पर तीन स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं, जाखल में पुरानी तहसील स्थित मनरेगा भवन के पास एक स्टॉल के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन 2 नवंबर से 4 नवंबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों का ड्रा 5 नवंबर को सुबह 11 बजे निकाला जाएगा। चयनित आवेदकों को 6 से 8 नवंबर तक तीन दिनों के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। प्रत्येक आवेदन के साथ उपमंडल अधिकारी (नागरिक), टोहाना के नाम 10,000 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाना अनिवार्य है। नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के बाद यह राशि एक माह के भीतर बिना किसी कटौती के वापस लौटा दी जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। स्टॉल संचालकों को संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, फरीदाबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 में निर्धारित शर्तों का पालन करना होगा। सुरक्षा मानकों की अनदेखी या नियमों का उल्लंघन करने पर बिना पूर्व सूचना के तीन दिन के लिए जारी अस्थायी लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

चार नशा तस्कर काबू, आठ किलो गांजा पत्ती बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से आठ किलोग्राम गांजा पत्ती, चूरापोस्त व हरोइन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार तस्करों की पहचान नीरज कुमार, बीरा सिंह, हरप्रीत सिंह व मनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम रेलवे माल गोदाम रोड सिरसा क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सामने से एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़ कर खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर थैले की तलाशी ली।



सिरसा। गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

अभियोग दर्ज कर जांच शुरू

सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव मांगेआना क्षेत्र से बीरा सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेढ़ किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बीरा सिंह के खिलाफ थाना सदर डबवाली में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है और इस नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिविल लाइन थाना की बस स्टैड पुलिस चौकी ने महत्वपूर्ण सुचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। बस स्टैड पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणसिंह ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत ने आरोपी धर्मेंद्र सिंह को 3 जुलाई 2026 को पी.ओ. घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज किया गया था। चौकी प्रभारी ने बताया कि चौकी की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी धर्मेंद्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव मंगाला, जिला सिरसा को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में वापिस जेल भेजा गया है।

- बार-बार नोटिस देने पर भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ

निरीक्षण सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अधिकारियों और कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए

फतेहाबाद सिविल अस्पताल का स्पॉट टीम ने किया औचक निरीक्षण आईडीएसपी, टीकाकरण और सर्पदंश उपचार व्यवस्थाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

राज्य जन स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दल ने वीरवार को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि स्वास्थ्य कर्मियों और कर्मचारियों की कमी के बावजूद नागरिक अस्पताल प्रशासन उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रहा है। स्पॉट टीम ने अस्पताल में संचालित इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी), नियमित टीकाकरण अभियान और रेबीज से बचाव व उपचार की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में जांच के लिए पहुंची स्पॉट टीम। *फोटो: हरिभूमि*

आज पीएचसी व उप नागरिक अस्पताल का होगा निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. सुभाष, छाती एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष टुटेजा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. समीर कंबोज, जिला महामारी रोकथाम विशेषज्ञ डॉ. विष्णु मित्तल और डाटा मैनेजर सुनील बरड़वाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय स्पॉट टीम शुक्रवार को भी जिले का दौरा जारी रखेगी और विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करेगी।

विभागीय समन्वय व रिकॉर्ड संधारण पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी शौर्य झा ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन, रिकॉर्ड के सही संधारण और अंतर-विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दस्तावेजों और विभागीय रिकॉर्ड को पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाए। इसके अलावा संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार लाया जा सके। निरीक्षण के दौरान स्पॉट टीम ने अस्पताल में सर्पदंश के मामलों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता, पर्यावरण परिवर्तन से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने की तैयारियों तथा ऑक्सीजन सप्लाई प्रबंधन की भी समीक्षा की। इसके साथ ही एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण एवं उचित इस्तेमाल को लेकर किए गए प्रबंधों को देखा गया। टीम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां हमेशा दुरुस्त रखी जाएं।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।





'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।

'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

खबर संक्षेप

नेशनल गेम्स में जीते चार पदक

फतेहाबाद। नोएडा में आयोजित डीएवी नेशनल गेम्स में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक हासिल किए। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर क्लब, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में अरपित बिश्नोई और रोहन ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि इसी वर्ग में कुश वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में बादल सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के साथ ही अरपित बिश्नोई, रोहन और बादल सिंह का आगामी एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स के लिए चयन हुआ है।

एसडीएम ने सुनीं आमजन की शिकायतें

फतेहाबाद। गुरुवार को जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने आमजन की 6 शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

पिकअप ने बिजली के खंभे में मारी टक्कर

फतेहाबाद। शहर में ऑटो मार्केट के बाहर देर रात तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का पोल टूटकर सडक़ किनारे खड़ी कार पर जा गिरा। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं बिजली का खंभा टूटने से ऑटो मार्केट क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी बिजली के खंभे से टकराती दिखाई दे रही है। टक्कर लगते ही खंभा टूटकर पास खड़ी कार पर गिर जाता है। गनीमत रही कि हादसे के समय खंभे के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

दिल्ली रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक

फतेहाबाद। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला ग्राऊंड में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर आज फतेहाबाद में जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कांग्रेस के जिला प्रभारी डॉ. शिव शंकर भारद्वाज, जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व सभी ब्लॉक अध्यक्ष तथा प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ड्युटियां लगाई गई। रैली में भाग लेने के लिए रूप रेखा तैयार की गई।

पटाखों की बिक्री के लाइसेंस के लिए आज से आवेदन

रतिया। दीपावली पर्व के मद्देनजर उपमंडल रतिया में ग्रीन पटाखों की बिक्री के अस्थाई लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अक्टूबर से शुरू होगी। उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इच्छुक विक्रेता 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक निर्धारित समयावधि में अपने आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करवा सकते हैं। आवेदन सरकारी कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक उपमंडल कार्यालय रतिया में जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री निर्धारित नियमों एवं प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार ही की जाए। लाइसेंस प्राप्त किए बिना पटाखों की बिक्री न करें।

लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में चर्चा

सड़क हादसों को रोकने के लिए करें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭|सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था और बेहतर बनाने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका रहती है, वहां रोड सेफ्टी से संबंधित सभी आवश्यक इंतजाम प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं। इसके अलावा सडक़ों पर अवैध कट को बंद करने के निर्देश भी दिए गए। एडीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए फुटपाथ बनाने की दिशा में अधिक से अधिक प्रयास किए जाएं, ताकि आमजन सुरक्षित तरीके से पैदल आवागमन कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जहां आवश्यकता हो, वहां नियमानुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइटें रात के समय सुचारू रूप से जलनी चाहिए और कोई भी लाइट बंद नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने ओटू वियर के पास सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रिफ्लेक्टर लगाने सहित यातायात सुरक्षा से जुड़े अन्य आवश्यक प्रबंध तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में होने वाली सभी सडक़ दुर्घटनाओं का डाटा संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचने वाले पुलिस के 112 वाहन की रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपडेट की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन सडक़ों के साथ नहरी विभाग के पुलों की चौड़ाई कम है, वहां वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए उचित यातायात संकेतक लगाए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।



सिरसा। सडक़ सुरक्षा कमेटी की बैठक लेते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

बैठक में इन विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम डबवाली योगेश दिलहोर और एसडीएम ऐलनाबाद अदिति सिंघानिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में डीएफओ सतीश कुमार, डीईओ सुभाष फुटेला, टीएम रोडवेज सुधीर कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता कमलदीप सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के एक्सईएन तरूण सिहाग, ट्रैफिक थाना प्रभारी शमशेर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीएम सैनी से मिले रतिया के विधायक जरनैल सिंह

बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭|रतिया

रतिया विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से धान की फसल को हुए नुकसान का मामला सरकार तक पहुंच गया है। प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने और नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर विधायक जरनैल सिंह ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित गांवों में जल्द विशेष गिरदावरी करवाकर फसल नुकसान का आकलन करने की मांग उठाई।

विधायक जरनैल सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि रतिया क्षेत्र के अनेक गांवों में हुई ओलावृष्टि से किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। कई गांवों में सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कुछ स्थानों पर फसल पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति में है। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान से उबारने के लिए सरकार की ओर से जल्द कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे करवाने के निर्देश दिए जाएं। विशेष गिरदावरी के माध्यम से प्रत्येक प्रभावित किसान की फसल के नुकसान का सही आकलन किया जाए।



रतिया। सीएम से मिलते विधायक जनरैल सिंह।

विशेष गिरदावरी का मिला आश्वासन

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विधायक जरनैल सिंह ने मोबाइल फोन के माध्यम से पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उन्होंने रतिया क्षेत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की समस्या को विस्तार से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रभावित क्षेत्रों में जल्द विशेष गिरदावरी करवाने और नुकसान झेलने वाले किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर तक स्थानीय बाल भवन में आयोजित करवाई जा रही जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के चौथे दिन तीसरे ग्रुप की प्रतियागिताएं आयोजित करवाई गई। जिसके तहत एकल नृत्य, एकल नृत्य क्लासिकल, फॅन गेम, समूह नृत्य, थाली कलश डेकोरेशन, पोस्टर बनाए, प्रश्नोतरी तथा रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में 30 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के लगभग 250 बच्चों द्वारा भाग लिया गया है। जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जोनल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग दिलवाया जाएगा। इसके साथ ही सभी विजेता बच्चों को 14 नवंबर को बाल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।



फतेहाबाद। जिला स्तर की स्पर्धाओं में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

न्यूज डायरी

जान से मारने की धमकी के आरोप में तीन गिरफ्तार

फतेहाबाद। पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों की पहचान तेजराम उर्फ तेजभान निवासी गांव भोडी, नायब सिंह तथा विक्रम उर्फ खोफा निवासी गांव धारसूल खुर्द के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि गांव भोडी निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत 15 अक्टूबर को वह अपने चचेरे भाई राजेश कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर टोहाना से अपने गांव लौट रहा था।

एसबीआई ने राजकीय विद्यालय में किया पौधरोपण

फतेहाबाद। स्टेट बैंक आफ इंडिया फतेहाबाद द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई अनाज मंडी शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक तरुण मिढ़ा ने बैंक के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य हरभिंदर सिंह ने बैंक अधिकारियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया और पर्यावरण के प्रति इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक तरुण मिढ़ा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है।

3 लाख 42 हजार 534 मीट्रिक टन धान की खरीद

फतेहाबाद। जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों से 2 लाख 14 हजार 878 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया गया है जोकि खरीद का 63 प्रतिशत है। जिला में अब तक 3 लाख 42 हजार 534 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद हुई है। डीएफएससी कुशल बूरा ने बताया कि 28 अक्टूबर की शाम तक जिला में 3 लाख 42 हजार 534 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है, जिसमें से फूड सप्लाई ने 1 लाख 24 हजार 931 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1 लाख 34 हजार 696 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 82 हजार 907 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद की है। इसके साथ ही मंडियों से धान फसल का उठान कार्य भी किया जा रहा है। जिला में अब तक 2 लाख 14 हजार 878 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 76 हजार 950 मीट्रिक टन, हैफेड ने 86 हजार 260 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 51 हजार 668 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया है।

बच्चों को नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

फतेहाबाद। वीर पुलिस शहीदों के बलिदान को नमन करने तथा युवा पीढ़ी को नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा पुलिस शहीदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत जिले भर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में थाना सदर टोहाना पुलिस ने गांव ललोदा के खेल स्टेडियम में पहुंचकर बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और खेलकूद में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का विशेष संदेश दिया गया।थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि देश और समाज की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में यह शहीदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जहां एक ओर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करना है, वहीं दूसरी ओर समाज और युवा पीढ़ी में सकारात्मक संदेश का प्रसार करना है।

सस्ती गाड़ी का झांसा देकर ठगी का आरोपी काबू

फतेहाबाद। ऑनलाइन गाड़ी बेचने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रेम वैष्णव पुत्र बाबूलाल निवासी केडिया कोठी, जयपुर के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि गांव दरियापुर निवासी रणदीप कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि मार्च 2026 में उसने फेसबुक पर वैष्णव इन्फ्राटेक नामक आईडी पर महिंद्रा पिकअप गाड़ी बेचने का एक विज्ञापन देखा था। जब शिकायतकर्ता ने विज्ञापन में दिए गए व्हाट्सएप लिंक के जरिए संपर्क किया, तो आरोपी ने गाड़ी की कुल कीमत 6 लाख 75 हजार रुपये बताई। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की बुकिंग पक्की करने के नाम पर 23 हजार 600 रुपये एडवांस जमा करवाने को कहा।

हरियाणा ग्रामीण महोत्सव कल से

सिरसा। ग्रामीण महिलाओं के हुनर, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा हरियाणा ग्रामीण महोत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को बाल भवन, बरनाला रोड, सिरसा में किया जाएगा। इस दो दिवसीय महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इस महोत्सव में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विशेष हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक स्वरदीप सिंह ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की पहचान बनाने, ग्राहकों से सीधे जुडने और बाजार में नए अवसर तलाशने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। महोत्सव का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोडना, उनके उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर विकसित करना है। इस पहल के माध्यम से आमजन को स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे महिला उद्यमियों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायता मिल सके।



रक्तदान शिविर में 75 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान

फतेहाबाद। श्री गुरू जम्भेश्वर सेवक सभा द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज की पावन स्मृति को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी फतेहाबाद के सहयोग और कथावाचक जी रामकुमार भादू के पावन सानिध्य में यह शिविर सिरसा रोड स्थित बिश्नोई मंदिर एवं धर्मशाला परिसर में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला और 75 से अधिक युवाओं ने बढ़-चढक़र स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक एवं श्री गुरू जम्भेश्वर सेवक सभा के संरक्षक दुड़ाराम ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आरटीए सिरसा संजय बिश्नोई एचसीएस, सिंचाई विभाग फतेहाबाद के एसई राजेश बिश्नोई तथा पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गुरू जम्भेश्वर सेवक सभा के अध्यक्ष सुरजीत ढुकिया तथा बिश्नोई सभा फतेहाबाद के अध्यक्ष संजय खिचड़ ने संयुक्त रूप से की। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा, रक्तदान को समाज में सबसे बड़ा दान माना गया है, ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज का जीवन मानव सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनकी स्मृति में आयोजित यह शिविर सच्ची श्रद्धांजली है। शिविर के संचालन में जिला रेडक्रास सोसाइटी फतेहाबाद की टीम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सेवक दल के उपप्रधान सुभाष गोदारा, भागीराम पूनियां, सचिव नरसी काकड़, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप सिहाग सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग, युवा व श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट चलने वाले वाहनों पर पुलिस की सख्ती

सिरसा। वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) वाले वाहनों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पुलिस टीमें बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड सहित सार्वजनिक स्थानों पर वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक कर रही हैं। वहीं, नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। एक नवंबर 2026 से विशेष जांच अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी दीपक सहारन ने यातायात थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की नजर बिना एचएसआरपी, बिना नंबर प्लेट, अस्पष्ट नंबर प्लेट, फैंसी डिजाइन वाली प्लेट और नंबर प्लेट को ढककर चलने वाले वाहन चालकों पर रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट महज नियमों की औपचारिकता नहीं, बल्कि वाहन की पहचान और सुरक्षा का अहम माध्यम है। मानक नंबर प्लेट से चोरी हुए वाहनों की पहचान करने और आपराधिक वारदातों की जांच में पुलिस को मदद मिलती है। नंबर प्लेट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करना वाहन मालिकों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।



सिरसा। वाहन चालकों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। भारत को जानो प्रतियोगिता में द्वितीय रही पॉयनियर स्कूल की छात्राएं।

'भारत को जानो' प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में पायनियर के छात्रों ने हासिल किया द्वितीय स्थान

फतेहाबाद। भारत विकास परिषद, शाखा फतेहाबाद द्वारा आयोजित 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में पायनियर कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों रिजुल एवं गुरबानी ने जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, भारतीय इतिहास, संस्कृति, परंपराओं एवं देश के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दोनों विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान और मेहनत का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन से विजय निर्मोही एवं प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और ज्ञान के प्रति रुचि का परिणाम है। ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।

त्वरित, निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश

एसपी ने की जनसुनवाई, समस्याओं को लेकर 30 शिकायतें पहुंची

■ मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद एवं सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा शुरू की गई विशेष जनसुनवाई की पहल लगातार जारी है। इसी कड़ी में वीरवार को थाना सदर टोहाना स्थित पुराने डीएसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने टोहाना एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष जनसुनवाई के दौरान कुल 30 नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंचे, जिन पर कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने शिकायतों से जुड़े तथ्यों की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा टोहाना और उसके आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वीरवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विशेष जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इस सराहनीय पहल के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दूर जिला मुख्यालय फतेहाबाद जाने की आवश्यकता कम हुई है। अब आमजन अपने ही क्षेत्र में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के समक्ष सीधे अपनी बात रख पा रहे हैं। एसपी ने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई कर आमजन को उचित राहत दिलाना है।



फतेहाबाद। टोहाना में शिकायतें सुनते एसपी निकिता खट्टर। फोटो: हरिभूमि

न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी
फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद
केस नम्बर पी. तारीख दायरा-21.04.2025
मौजा -फतेहाबाद। तारीख पेशी-10.11.2026
1. अमर चन्द,2. राजेन्द्र,3. रामप्रकाश,4. शैलेन्द्र पुत्रान हरचन्द पुत्र रेडा राम निवासीयान ढिगसरा तहसील व जिला फतेहाबाद।

..... प्रार्थीयान

बनाम

1. हनुमान पुत्र रामनिवास पुत्र मांडूराम, 2. राजेन्द्र कुमार पुत्र रामनिवास पुत्र माडूराम, 3.हरी सिंह पुत्र रामनिवास पुत्र मांडू, 4.चिरन्जी लाल, 5.कुलदीप मृतक पुत्र दुर्गा राम पुत्र भुराराम बजारिया इसके कानूनी वारसान मृतक-ए-रामप्रताप, बी-सन्दीप पुत्रान कुलदीप पुत्र दुर्गा राम, सी-श्रीमति तुलसा देवी विधवा कुलदीप पुत्र दुर्गा राम, 6.श्रीमति गुड्डी देवी,7. मैना देवी, 8. विनोद देवी पुत्रीयान दुर्गा राम पुत्र भुराराम, 9. गणेशी लाल मृतक पुत्र इन्द्राज पुत्र मुकनाराम मृतक बजारियां इसके कानूनी वारसान ए-राजेश शर्मा, बी-रमेश शर्मा पुत्रान गणेशी लाल पुत्र इन्द्राज, सी-श्रीमति तीजा देवी विधवा गणेशी लाल पुत्र इन्द्राज,10. सुमेर पुत्र इन्द्राज पुत्र मुकनाराम, 11. बलबीर मृतक पुत्र इन्द्राज पुत्र मुकनाराम मृतक बजारियां इसके कानूनी वारसान-ए-सुमन देवी विधवा बलबीर पुत्र इन्द्राज, बी-कमलेश, सी-सोनिया, डी-चान्दनी पुत्रीयान बलबीर पुत्र इन्द्राज, 12. रुकमणी, 13. छिनका, 14. सावित्री, 15. कृष्णा पुत्रीयान इन्द्राज पुत्र मुकनाराम, 16. सरस्वती देवी पत्नी होशियार सिंह पुत्र जियालाल, 17. सरवन पुत्र जिया लाल पुत्र प्रेम, 18. विदया कवर पत्नी विजय सिंह पुत्र गुरदयाल, 19. श्रीमति श्योकौरी विधवा रामेश्वर पुत्र इन्द्राज, 20. शकुन्तला, 21. बेबी, 22. तारो देवी पुत्रीयान रामेश्वर पुत्र इन्द्राज, 23. पुर्णचन्द पुत्र रामेश्वर पुत्र इन्द्राज,24.श्रीमति राजबाला पुत्री श्रीमति मूर्ति पुत्री इन्द्राज,25. कैलाश, 26 राजेश, 27. राकेश पुत्रान श्रीमति मुर्ति पुत्री इन्द्राज, 28. कृष्ण कुमार पुत्र कांशी राम पुत्र मुकना राम, 29. कान्ता पुत्री कांशी राम पुत्र मुकना राम, 30. महाबीर प्रसाद, 31. रघुवीर प्रसाद पुत्रान रामकुमार, 32. श्रीमती उषा पुत्री रामकुमार, 33. दयाराम पुत्र हेतराम पुत्र जेठाराम, 34. पुष्पा पत्नी पवन कुमार पुत्र मदन लाल, 35.श्रीमति बिमला देवी पत्नी जगदीश पुत्र पूर्ण राम, 36.शिव कुमार पुत्र राजा राम पुत्र भुरा राम, 37. चन्द्रकला, 38. मनी देवी, 39. सावित्री, 40. सलोचना पुत्रीयान ख्याली राम पुत्र मुकना राम, 41. भंवर लाल पुत्र ख्याली राम पुत्र मुकना राम, 42. श्रीमति बिमला रानी पत्नी भजन लाल पुत्र रामचन्द, 43. महाबीर प्रसाद पति फुलवती उर्फ पुष्पा देवी पुत्री कांशी राम, 44. मनोज कुमार पुत्र फुलवती उर्फ पुष्पा देवी पुत्री कांशी राम, 45. रेणु जोशी, 46. वीना पुत्रीयान फुलवती उर्फ पुष्पा देवी पुत्री कांशी राम, 47. रोशनी देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार पुत्र मदन लाल, 48. अनिल पुत्र शिव कुमार पुत्र राजाराम, 49. श्रीमति सीमा बाई पत्नी राजेन्द्र सिंह पुत्र रिसाल सिंह, 50. राजकुमार पुत्र रामजी लाल पुत्र जिया लाल, 51. पृथ्वी राज, 52. बलदेव कुमार पुत्रान कांशी राम पुत्र मुकना राम, 53. राजेन्द्र सिंह पुत्र रिसाल सिंह पुत्र श्योब्क्श, 54. श्रीमती सुशीला देवी विधवा औमप्रकाश पुत्र कांशी राम, 55. विनय कुमार पुत्र औमप्रकाश पुत्र कांशी राम, 56. पूजा उर्फ टीना पुत्री औमप्रकाश पुत्र कांशी राम निवासीयान ढिगसरा तहसील व जिला फतेहाबाद।

दरखास्त तकसीम भूमि खेवट नम्बर 968 किते 25 तादादी 155 कनाल 8 मरला मुताबिक जमाबन्दी साल 2020-2021 वाक्या मौजा ढिंगसरा तहसील व जिला फतेहाबाद।

नोटिस बनाम उतरवादीगण

उपरोक्त मुकदमा में उतरवादीगण 1, 2, 3, 5 के वारसान, 6, 7, 8, 9 के वारसान, 11 के वारसान 12 ता 15, 20, 21, 22, 24 ता 32, 37 ता 47, 49 ता 56 की तलबी सामान्य तरीका से

खबर संक्षेप

ग्रीन पटाखों केअस्थायी लाइसेंस के आवेदन 30 तक

सिरसा। दीपावली के मद्देनजर जिला प्रशासन सिरसा द्वारा केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति 30 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक संबंधित उपमंडलाधीश कार्यालय में अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदकों का चयन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए 3 नवंबर को पंचायत भवन, सिरसा में ड्रा निकाला जाएगा।

आईटीआई में आज होगा युवा संवाद कार्यक्रम

सिरसा। मेरा युवा भारत सिरसा की ओर से 30 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि देशभर के 500 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद अभियान के तहत सिरसा में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

पेंशनर 1 से 30 तक जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

सिरसा। हरियाणा सरकार के सभी सेवानिवृत्त पेंशनर एवं फैमिली पेंशनर 1 से 30 नवंबर तक अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाएं, ताकि उनकी पेंशन संबंधी प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रह सके। जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र ढुल ने बताया कि जिला खजाना कार्यालय सिरसा तथा उप-खजाना कार्यालय डबवाली, ऐलनाबाद, कालांवाली और रानियां से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनर अपना आधार कार्ड, मूल पीपीओ की प्रति और मोबाइल फोन लेकर संबंधित खजाना या उप-खजाना कार्यालय में पहुंचकर जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिले में 1,82,137 मीट्रिक टन धान की खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गत दिवस तक कुल 1,82,137 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 56,440 मीट्रिक टन, हैफेड ने 90,366 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 35,331 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 1,06,000 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है।

डॉ. हरप्रीत सह सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

सिरसा। डॉ. हरप्रीत सिंह को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा हरियाणा प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. हरप्रीत सिंह ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा को नई मजबूती मिलेगी और संगठन की गतिविधियों का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी मेहनत और लगन से निभाएंगे।

सीडीएलयू का 13वां त्रिवेणी युवा महोत्सव का भव्य समापन

एमएम पीजी कॉलेज फतेहाबाद ने ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्जा

- महोत्सव में लगभग दो हजार विद्यार्थियों ने 34 विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा\फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज को ओवरऑल ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथिगण।

युवा ऊर्जा, सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मक अभिव्यक्ति के रंगों से सराबोर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा का चार दिवसीय 13वां त्रिवेणी युवा महोत्सव उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हो गया। 'युवा उमंग, संस्कृति के संग' थीम पर आयोजित इस महोत्सव में लगभग दो हजार विद्यार्थियों ने 34 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एमएम पीजी कॉलेज, फतेहाबाद ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी: एमएम पीजी कॉलेज, फतेहाबाद ने ओवरऑल ट्रॉफी हासिल की। शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सीडीएलयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी), सिरसा ने थिएटर, नृत्य और ललित कला में तीसरा स्थान हासिल किया। विधावार परिणामों में भी एमएम पीजी कॉलेज, फतेहाबाद का शानदार प्रदर्शन रहा। कॉलेज ने थिएटर, संगीत और ललित कला की ट्रॉफियां अपने नाम कीं। वहीं, नृत्य विधा में शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार संगीत में शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पर यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी), सिरसा ने थिएटर, नृत्य और ललित कला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता संस्थानों और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और रचनात्मकता का उत्साहवर्धन किया गया।

एमएम पीजी कालेज का शानदार प्रदर्शन

महोत्सव के दौरान एमएम कलेज के विद्यार्थियों ने कुल 25 स्थानों पर कब्जा जमाया। इनमें कॉलेज ने 9 प्रथम, 9 द्वितीय और 7 तृतीय स्थान पर बाजी मारी। क्लासिकल वोकल सोलो, लाइट वोकल इंडियन, वेस्टर्न वोकल सोलो, जनरल फोक सान्ग, कव्वाली, वन एक्ट प्ले, स्किट, वाग्मिता हिंदी भाषण और क्ले माडलिंग में कॉलेज के विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे। इंडियन ग्रुप सान्ग, वेस्टर्न ग्रुप सान्ग, फोक आर्केस्ट्रा, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो, जनरल क्विज, अंग्रेजी वाद-विवाद, हिंदी वाद-विवाद और रंगोली में कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा। हरियाणवी ग्रुप डांस, क्रिएटिव कोरियोग्राफी, फोक रिचुअल ग्रुप, हरियाणवी सोलो डांस पुरुष, माइम, काव्य गोष्ठी और कोलाज में कॉलेज ने तृतीय स्थान हासिल किया।

देश का नाम करें रोशन

समारोह में सिरसा के उपायुक्त शांतनु शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया, भारतीय वायु सेना सिरसा के विंग कमांडर प्रशांत, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बंसल, सीडीएलयू के कुलसचिव डॉ सुनील कुमार तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो. आरपी सैनी ने सीडीएलयू में आयोजित त्रिवेणी युवा महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि चार दिनों तक चले इस आयोजन में हरियाणवी संस्कृति और भारतीय लोक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यार्थी अपनी उपलब्धियों के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें।

सोच का प्रतीक

कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि त्रिवेणी युवा महोत्सव विवि की उस सोच का प्रतीक है, जिसमें शिक्षा के साथ कला, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास को समान महत्व दिया जाता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिरसा पुनीश जिंदिया ने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ अनुशासन, धैर्य, आपसी सहयोग, नैतिक मूल्यों और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।



रतिया। एसडीएम कार्यालय पर धरना देते किसान।

ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों की गिरदावरी और मुआवजे की मांग

- पहले धान खरीद में लगाई थी प्रति एकड़ 28 क्विंटल की शर्त, फिर किए पंजीकरण रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

एसडीएम कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा के किसानों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ओलावृष्टि से बर्बाद हुई धान की फसल की तुरंत गिरदावरी करवाने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। जिला प्रधान निर्भय सिंह ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार लगातार किसानों को परेशान कर रही है। पहले धान खरीद में प्रति एकड़ 28 क्विंटल की शर्त लगाई गई और फिर किसानों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए। दोबारा पंजीकरण नहीं होने के कारण किसान सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते रहे। अब ओलावृष्टि से धान की पूरी फसल बर्बाद होने के छह दिन बाद केवल पोर्टल खोला गया है, जबकि अभी तक गिरदावरी शुरू नहीं हुई। इससे किसानों में भारी रोष है। अमन रतिया ने कहा कि किसानों का पक्का मोर्चा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा, जब तक सभी प्रभावित किसानों की गिरदावरी नहीं हो जाती। उन्होंने मांग की कि मुआवजे के लिए पांच एकड़ तक की सीमा हटाई जाए और दो एकड़ से लेकर 100 एकड़ तक, जिसकी भी फसल बर्बाद हुई है, उसे उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलने वाला मुआवजा 15 हजार रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति एकड़ किया जाए, ताकि फसल बर्बाद होने से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।

सीडीएलयू की 52 एकड़ जमीन पर विधायक ने सरकार पर उठाए सवाल

कहा: अदालत में जमीन बचाने के लिए मजबूती से करे पैरवी

- विवि के भविष्य के विस्तार के लिए सुरक्षित रखी थी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक अर्जुन चौटाला।

इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की 52 एकड़ बेशकीमती जमीन को लेकर सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अर्जुन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की इस जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जमीन विश्वविद्यालय के भविष्य के विस्तार और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखी गई थी। सरकार को विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर अदालत में इस जमीन को बचाने के लिए मजबूती से पैरवी करनी चाहिए। अर्जुन चौटाला गुरुवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय को 52 एकड़ अतिरिक्त जमीन दी थी। इसका उद्देश्य यह था कि भविष्य में जब भी विश्वविद्यालय को विस्तार की जरूरत पड़े, तो इस भूमि का इस्तेमाल शैक्षणिक और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कुछ प्रभावशाली लोग भू-माफिया के साथ मिलकर इस जमीन को हथियाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों के समर्थन में उन्होंने कोई सार्वजनिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। विधायक ने कहा कि जब भी सरकारी जमीन खाली होती है, भू-माफिया उसे हड़पने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की जमीन बेहद कीमती है। उन्होंने जमीन की कीमत करोड़ो रुपये होने का दावा भी किया। अर्जुन चौटाला ने आरोप लगाया कि पूर्व में कांग्रेस शासन के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विश्वविद्यालय को खत्म करने का प्रयास किया था और अब भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी विश्वविद्यालय के हितों पर खतरा मंडरा रहा है।

विशाल ज्वेलर्स चोरी में तीसरा आरोपी काबू

फतेहाबाद। विशाल ज्वैल्स से सोना-चांदी चोरी के मामले में थाना शहर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी योगेश के कब्जे से 300 ग्राम सोना और सोना गलाने की मशीन बरामद की है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी और बरामदगी को पुलिस जांच की दिशा में अहम कार्रवाई माना जा रहा है। हालांकि, चोरी के मामले में कुल नुकसान और बरामदगी का पूरा हिसाब जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगेश पुत्र सुभाष चंद्र निवासी वार्ड नंबर 13, काठ मंडी, बीघड़ रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। वह फिलहाल भीम डिपो के पास, एमसी कॉलोनी, फतेहाबाद में रह रहा था। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि एसबीआई रोड स्थित विशाल ज्वैल्स के संचालक साहिल ने पुलिस को शिकायत दी थी।

28 से 5 नवंबर तक सायं 5 से रात 10 बजे तक होगा संचालित

श्रीमत सिटी सेंटर में दीवाली मेले का आगाज चार दर्जन से अधिक उत्पादों की लगाई स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डबवाली रोड स्थित श्रीमत सिटी सेंटर में दस दिवसीय दिवसीय दीवाली मेले का भव्य आगाज हुआ। फेस्टिवल सीजन के दौरान चार दर्जन से अधिक कारोबारियों ने सिटी सेंटर परिसर में अपनी स्टॉल लगाई है। यह मेला 28 अक्टूबर से 5 नवंबर तक हर रोज सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित किया जाएगा। मेले के प्रथम दिन ध्वनि यूजिकल गुरुप की ओर से सूफी गीत प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कलाकारों ने लोगों की फरमाइश पर भी गीत प्रस्तुत किए। श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर संजीव जैन एडवोकेट ने दीवाली मेले में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी एसके सेतिया उनके साथ थे। मेले में स्टॉल लगाने वाले कारोबारियों ने सिटी सेंटर की भव्यता की दाद दी। सिटी सेंटर की ओर से कारोबारियों को स्टॉल लगाने के लिए निशुल्क जगह उपलब्ध करवाई गई है। इसके साथ ही मेज-कुर्सियों का भी प्रबंध किया गया है। डायरेक्टर माधव जैन ने बताया कि दीवाली मेले में मनोरंजन के लिए लाइव शो का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलाकारों द्वारा वॉलीवुड गीत, पंजाबी गीत-नृत्य, हरियाणवी गीत-नृत्य, पंजाबी लोकगीत तथा गजलें प्रस्तुत की जाएगी। मेले के दौरान खाने-पीने की स्टॉल भी लगाई गई है।



सिरसा। सिटी सेंटर में दीवाली मेले में लगाई गई स्टाल।

लाइसेंस बहाल के आश्वासन पर आढ़तियों की हड़ताल खत्म

- सफाई व्यवस्था में लापरवाही के चलते 16 आढतियों के सस्पेंड किए थे लाइसेंस

कालांवाली। कालांवाली मार्केट कमेटी द्वारा कुछ आढ़तियों के लाइसेंस निलंबित करने के विरोध में आढतियों द्वारा दो दिनों से की जारी हडताल वीरवार को मार्केटिंग बोर्ड के डीएमईओ राहुल कुंडू द्वारा आढ़तियों को लाइसेंस बहाल करने का आश्वासन देने के बाद आढ़तियों ने हडताल समाप्त कर काम शुरू किया। जिसके बाद किसानों, मजदूरों व आढ़तियों ने राहत की सांस ली। बता दें कि अतिरिक्त अनाज मंडी में धान की साफ-सफाई की व्यवस्था में लापरवाही बरतने के चलते मार्केट कमेटी की ओर से 16 आढ़तियों के लाइसेंस तीन दिनों के लिए सस्पेंड किए गए थे, जिसके विरोध में आढतियों व शैलर संचालकों द्वारा बीते दो दिनों से अपनी दुकानें बद कर कमेटी के सामने धरना प्रदर्शन कर रोष जताया जा रहा था। वीरवार को डबवाली, रानियां, ऐलनाबाद, सिरसा, रोडी, डिंग आदि शहरों की व्यापारिक संगठनों ने धरनास्थल पर पहुंच कर व्यापारियों का समर्थन किया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए मार्केटिंग बोर्ड के डीएमईओ सिरसा राहुल कुंडू भी कालांवाली पहुंचे ओर सचिव नरेंद्र कुंडू के साथ मिलकर व्यापारियों के साथ चर्चा की। जिसमें आढ़ती एसोसिएशनों द्वारा प्रशासन को आश्वासन दिया कि भविष्य में धान की सफाई से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा।

युवा वकीलों के लिए अमित राणा का मंत्र धैर्य रखें, शोध करें और वरिष्ठों से सीखें

- चेयरमैन बोले- न्याय को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना वकालत का मूल उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन अमित राणा को सम्मानित करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

वकालत में सफलता पाने के लिए केवल कानून की डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि निरंतर अध्ययन, गहन शोध, धैर्य और वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन भी जरूरी है। युवा वकीलों को शुरुआत में धैर्य के साथ अपनी कानूनी समझ मजबूत करनी चाहिए। यह बात पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन अधिवक्ता अमित राणा ने जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों और युवा अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वकालत केवल आजीविका कमाने का पेशा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एक अधिवक्ता की जिम्मेदारी अपने मुवक्किल का पक्ष रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने में भी उसकी अहम भूमिका होती है। इसलिए युवा अधिवक्ताओं को कानून की बारीकियों को समझने, मामलों की तैयारी करने और तथ्यों के आधार पर अपनी दलीलें प्रस्तुत करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सुभाष जांगू ने की समारोह की अध्यक्षता समारोह की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुभाष जांगू ने की, जबकि मंच संचालन सचिव शाहनवाज ने किया। इस दौरान युवा वकीलों को कानूनी पेशे में आगे बढने, अपनी दक्षता विकसित करने और न्याय व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

5 व 6 को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी करेंगे चक्का जाम

- 2018 से 2026 तक सरकार ने लागू नहीं की विभाग की एक भी मांग

सिरसा। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा एवं हरियाणा रोडवेज की समस्त यूनियनों और प्रत्येक रोडवेज कर्मचारी के आह्वान पर 5 और 6 नवंबर को रोडवेज की राज्य व्यापी हड़ताल के तहत रोडवेज का चक्का जाम करेंगे। रोडवेज कर्मचारी यूनियन नेता निशान सिंह, जयवीर घणघस, रिछपाल संधू, आत्माराम बेनीवाल ने कहा कि बिजली निगम की भांति रोडवेज विभाग की 2018 से 2026 तक कोई भी मांग लागू नहीं की है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों को मिलने वाले मूलभूत लाभ जैसे दीपावली बोनस, 33 अर्जित अवकाश, 30 रात्रि भत्ता, बिना शर्त ओवरटाइम, 4 घंटे ड्यूटी पर एक रेस्ट, वॉशिंग भत्ता इत्यादि संवैधानिक लाभों को बंद करने और रोडवेज के निजीकरण के खिलाफ हरियाणा रोडवेज के 24 डिपो और 13 सब डिपो के लगभग 20 हजार रोडवेज कर्मचारी 5-6 नवम्बर को रोडवेज का चक्का जाम करेंगे। उन्होंने बताया कि 23 अक्तूबर को सभी डिपो महाप्रबंधकों के माध्यम से गेट मीटिंग करके हरियाणा सरकार को हड़ताल का नोटिस दिया गया था। समय रहते सरकार हरियाणा रोडवेज सांझे मोर्चे की मांगों की नोटिफिकेशन लागू कर धरातल पर लागू करें, अन्यथा 5 व 6 नवंबर को दो दिन की हड़ताल के कारण प्रदेश की जनता, छात्रों को असुविधा और परिवहन विभाग के राजस्व के नुकसान के लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी।

चित्तौड़गढ़ से ट्रेन में लाई जा रही नशे की खेप पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने जिले के बड़ागुढ़ा रेलवे स्टेशन क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से दस किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया है। चूरापोस्त चित्तौडगढ़ से ट्रेन के माध्यम से सिरसा लाया जा रहा थी। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद यूनिट इंचार्ज तरसेम सिंह ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम बडागुढ़ा के क्षेत्र में नशा-रोधी गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिरसा निवासी जगरूप सिंह और जसबीर सिंह चूरापोस्त तस्करी का अवैध धंधा करते हैं। सूचना मिली कि दोनों चित्तौडगढ़ से भारी मात्रा में पोस्त लेकर आए हैं और रेलवे स्टेशन बड़ागुढ़ा के बाहर मेन गेट के पास वाहन के इंतजार में खड़े हैं। सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि रेलवे कर्मचारी क्वार्टर के गेट के पास दो व्यक्ति तीन बैगों के साथ खड़े हैं जो पुलिस को देखकर बैग उठाकर भागने लगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

सम्मान प्रमोद ने मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति से हासिल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि : सीमा

शहीद भगत सिंह स्टेडियम में हुआ सम्मान समारोह

पैरा एशियन गेम्स में1500 मीटर टी-46 स्पर्धा में रजत पदक विजेता प्रमोद बिजारणिया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। खिलाड़ी प्रमोद बिजारणिया को सम्मानित करते।

जापान के आइची-नागोया में आयोजित पांचवें एशियाई पैरा खेल 2026 में पुरुषों की 1500 मीटर टी-46 स्पर्धा में रजत पदक जीतकर सिरसा का गौरव बढ़ाने वाले प्रमोद बिजारणिया को जिला प्रशासन द्वारा शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमोद बिजारणिया ने बताया कि उनका अगला बड़ा लक्ष्य वर्ष 2028 में होने वाले पैरालंपिक खेलों में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। एशियाई पैरा खेलों में लगातार दूसरी बार रजत पदक जीतने के बाद उनका आत्मविश्वास और लक्ष्य दोनों और मजबूत हुए हैं। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी सीमा ने कहा कि प्रमोद बिजारणिया ने मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर सिरसा जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि जिले के युवाओं और उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रमोद की सफलता यह संदेश देती है कि मजबूत इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कठिन से कठिन चुनौतियों को पार कर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने वर्ष 2023, 2024, 2025 और 2026 में इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रमोद बिजारणिया ने राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने अब तक 3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीते हैं।

एशियाई खेलों में जीता था रजत पदक

प्रमोद बिजारणिया ने वर्ष 2023 में चीन के हांग्जो में आयोजित चौथे एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 1500 मीटर टी-46 स्पर्धा में रजत पदक जीता था। वर्ष 2026 में जापान के आइची-नागोया में आयोजित पांचवें एशियाई पैरा खेलों में इसी स्पर्धा में उन्होंने एक बार फिर रजत पदक हासिल किया। इस बार उन्होंने 4 मिनट 09 सेकंड का समय दर्ज किया। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरी बार एशियाई पैरा खेलों में इसी स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया। प्रमोद बिजारणिया की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का सिलसिला लगातार जारी रहा है। वर्ष 2025 में नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में उन्होंने 1500 मीटर स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप में उन्होंने लगातार चार बार स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।